आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 21.08.2024

मुख्य समाचारः–

1– राज्यपाल रमेन डेका ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी से एक पेड़ लगाने का आव्हान किया।

2– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में ई–ऑफिस प्रणाली और स्वागतम पोर्टल का शुभारंभ किया।

3– उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने नगरीय निकायों के लिए चार सौ पचास करोड़ रूपये जारी करने की घोषणा की।

4– उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार महादेव बैटिंग ऐप का मामला सीबीआई को सौंपेगी।

राज्यपाल–दुर्ग

राज्यपाल रमेन डेका ने पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी से एक पेड़ लगाने का आव्हान किया है। राज्यपाल ने आज दुर्ग में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक लेकर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अलावा सामाजिक हितों के लिए जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाता है। बैठक में राज्यपाल ने अधिकारियों से एजेंडावार बीस विषयों पर विचार–विमर्श किया।

दुर्ग प्रवास के दौरान राज्यपाल ने तितुरडीह स्थित कृष्ण कुंज में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कचनार के पौधे का रोपण किया।

ई–ऑफिस–स्वागतम पोर्टल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज मंत्रालय में ई–ऑफिस प्रणाली और स्वागतम पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने ई ऑफिस प्रणाली के पेज पर मुख्य सचिव को शासन के सभी विभागों में ई–ऑफिस प्रणाली लागू करने के निर्देश जारी किए। ई–ऑफिस प्रणाली सबसे पहले सामान्य प्रशासन विभाग में लागू की जा रही है। इसके बाद इसे सभी विभागों में लागू किया जाएगा। ई–आफिस प्रणाली में ऑफिस के दस्तावेज डिजिटल किए जाएंगे। इससे दस्तावेज में हेर–फेर किये जाने की आशंका समाप्त हो जाएगी। वहीं, दस्तावेजों के खोने या गायब होने की दिक्कत भी नहीं रहेगी। ई–आफिस प्रणाली से फाइलों का समय पर निराकरण हो सकेगा और इससे अधिकारियों के कामकाज की मानिटरिंग भी आसान हो जाएगी।

वहीं, मुख्यमंत्री ने मंत्रालय में प्रवेश के लिए स्वागतम पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इस पोर्टल में ऑनलाईन आवेदन करने पर बिना प्रतीक्षा किए, बिना लाइन में लगे, बिना देरी के एसएमएस और ई–मेल के माध्यम से मिलने के समय की जानकारी मिल जाएगी। इससे आम नागरिकों का काफी समय बचेगा।

अरूण साव–पत्रकारवार्ता

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने नगरीय निकायों के लिए चार सौ पचास करोड़ रूपये जारी करने की घोषणा की है। इसके अलावा पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत नगरीय निकायों में अधोसंरचना विकास के कार्यों के लिए भी जल्द ही चार सौ पचास करोड़ रूपये से ज्यादा के प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी।

आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए श्री साव ने कहा कि इस तरह से शहरों में नये विकास कार्यों और नई सुविधाएं विकसित करने के लिए नगरीय निकायों को कुल नौ सौ करोड़ रूपये मिलेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में पिछले दिनों आयोजित जनसमस्या निवारण पखवाड़े के दौरान करीब एक लाख तीस हजार आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अड़तालीस हजार आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष आवेदनों का भी जल्द ही निराकरण करने की कार्रवाई की जा रही है।

<u>विजय शर्मा–सीबीआई</u>

उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार महादेव बैटिंग ऐप का मामला सीबीआई को सौंपेगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में करीब सत्तर थानों में अलग–अलग एफआईआर दर्ज है। इस पर प्रक्रिया जारी है और कुछ समय में निर्णय हो जाएगा। श्री शर्मा ने कहा कि
बिरनपुर और सीजीपीएससी स्कैम के बाद यह तीसरा मामला होगा, जो सीबीआई को सौंपा जाएगा। ईडी के मुताबिक महादेव बैंटिंग ऐप मामले में प्रदेश के कई वरिष्ठ नेता, अधिकारियों और कारोबारियों के नाम दर्ज हैं।

<u>विद्या समीक्षा केन्द्र</u>

राज्य के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखने के लिए रायपुर में 'विद्या समीक्षा केन्द्र' स्थापित किया गया है। इस केन्द्र के माध्यम से आईआईटी भिलाई के सहयोग से सॉफ्टवेयर और मोबाइल ऐप के जरिये बच्चों के प्रदर्शन पर नजर रखी जा रही है। सॉफ्टवेयर और मोबाइल ऐप के जरिये स्कूली बच्चों के प्रदर्शन का रियल टाइम ब्यौरा मिलेगा। विद्या समीक्षा केन्द्र में ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही आंकड़ों का विश्लेषण भी किया जाएगा।

<u>राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस</u>

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस देशभर में तेईस अगस्त को मनाया जाएगा। इस वर्ष के उत्सव का विषय है – चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूना : भारत की अंतरिक्ष गाथा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित मुख्य समारोह का उद्‌घाटन करेंगी। अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान–तीन मिशन के दौरान चंद्रमा की सतह पर विक्रम लैंडर की सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही भारत, चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के पास उतरने वाला पहला देश बन गया था।

वहीं, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा चंद्रयान–तीन मिशन की सफलता के उपलक्ष्य में युवाओं में विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति रुचि पैदा करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी स्कूलों में बाईस और तेईस अगस्त को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर व्याख्यान, पोस्टर, निबंध, मॉडल बिल्डिंग, क्विज और पेटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित तीस मिनट का एक वीडियो स्कूलों में प्रदर्शित किया जाएगा।

विजय शर्मा–बैठक

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रायपुर में संस्कृति और पुरातत्व विभाग तथा कबीरधाम जिले से आए नागरिकों और पुजारी के साथ भोरमदेव मंदिर के जीर्णोद्धार के संबंध में बैठक ली। बैठक में श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुविधाओं को बढ़ाने और मंदिर परिसर के विकास के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री ने संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मंदिर के इतिहास से संबंधित वीडियो डॉक्यूमेंटेशन किया जाए, ताकि श्रद्धालु मंदिर के इतिहास से परिचित हो सकें। उन्होंने थ्रीडी डिजाइन और लिडार सर्वे करवाने को भी कहा। उन्होंने वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों को भोरमदेव महोत्सव से पहले पूरा करने के निर्देश दिए।

एसटी–एससी–छत्तीसगढ़ बंद

अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति संगठनों की ओर से आज बुलाए गए बंद का छत्तीसगढ़ में मिला–जुला असर देखने को मिला। अनुसूचित जाति–जनजाति बहुल बस्तर जिले में बंद का व्यापक असर दिखा। बस्तर में चेम्बर ऑफ कॉमर्स के समर्थन के कारण ज्यादातर दुकानें बंद रहीं। वहीं, इस बंद से अति–आवश्यक सेवाओं को मुक्त रखा गया था। बंद के कारण यात्री बसों का परिवहन भी प्रभावित हुआ। बंद के समर्थन में आदिवासियों ने एक रैली भी निकाली।

कोंडागांव में भी सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे। अनुसूचित जाति–जनजाति वर्ग के लोगों ने चौपाटी मैदान में धरना दिया।

वहीं, नारायणपुर जिले में बंद का खासा असर देखने को मिला। अंतागढ़, कोंडागांव और ओरछा की ओर जाने वाली बसों के पहिए थमे रहे। भारत बंद के समर्थन में जिले के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखें।

बालोद–बच्चे घायल

बालोद जिले के कोरगुड़ा गांव के शासकीय प्राथमिक स्कूल में छत का प्लास्टर गिरने से चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री और विधायक अनिला भेड़िया अस्पताल पहुंची और घायल बच्चों तथा परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उन्होंने हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

आकाशवाणी रायपुर–शाम सिंदूरी

आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर द्वारा अब से कुछ देर बाद रायपुर की चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में स्वंतत्रता का उत्सव 'शाम सिंदूरी' कार्यक्रम शुरू होगा। इस कार्यक्रम में पंडित प्रभाकर कश्यप और पंडित दिवाकर कश्यप खयाल गायन की प्रस्तुति देंगे। वहीं, डॉक्टर नमन दत्त द्वारा सुगम संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

रंग पर्व

रायपुर के महंत घासीदास संग्रहालय परिसर में कल से चौबीस अगस्त तक 'रंग पर्व' नाट्य श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न नाटकों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की जनजातीय और लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की जाएगी। इस नाट्य श्रृंखला की प्रस्तुति हर दिन शाम सात बजे से होगी।

'रंग पर्व' के पहले दिन कल 'गोदना' नामक नाटक में देवार जनजाति की जीवनशैली, कला और संस्कृति को दर्शाया जाएगा। इस नाट्य श्रृंखला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करना है।

संक्षिप्त समाचार

– संघ लोक सेवा आयोग–यूपीएससी ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग से निर्देश मिलने के बाद प्रशासनिक सेवा में लेटरल एन्ट्री संबंधी विज्ञापन रद्द कर दिया है।

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हर गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम कल बाईस अगस्त को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है।

– शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू ने अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। एसीबी कोर्ट ने सात दिन की रिमांड पर अनिल टुटेजा को ईओडब्ल्यू को सौंपा है। गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने कल ही शराब घोटाला मामले में ईडी और ईओडब्ल्यू के खिलाफ दायर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया था।

– छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सेक्शन अधिकारी प्रमोद पाठक को हाईकोर्ट परिसर में अनुशासनहीनता के आरोप में रजिस्ट्रार जनरल ने निलंबित कर दिया है।

– दुर्ग जिले के अकोला गांव में मेडिकल सामग्री बनाने वाली एक कंपनी में आज शाम आग लग गई। समाचार लिखे जाने तक दमकल की गाड़ियां आग बुझाने का प्रयास कर रही हैं।

– गरियाबंद जिले के पांडुका रेंज के अंतर्गत पोंड गांव के पास मशरूम एकत्र करने गईं महिलाओं पर एक हाथी ने हमला कर दिया। इस हमले में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

– रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत सरोना–कुम्हारी के बीच मिडिल लाईन में परसदा समपार फाटक में मरम्मत कार्य के कारण बाईस अगस्त की सुबह आठ बजे से छब्बीस अगस्त की रात बारह बजे तक वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।

– राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में ट्रस्ट समिति द्वारा संचालित रोप–वे का मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। इस वजह से आज और कल रोप–वे का संचालन नहीं होगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>